
भारत सरकार

इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश, शिमला

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा: 27 अक्टूबर से 02 नवंबर 2025


राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश द्वारा 27 अक्टूबर, 2025 से 02 नवंबर, 2025 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 मनाया गया ताकि राष्ट्र को भ्रष्टाचार से मुक्त रखा जा सके और पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा दिया जा सके, जिसका विषय "सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि" था। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर कार्यालय परिसर में हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में एक द्विभाषी बैनर प्रदर्शित किया गया।




सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर कार्यालय परिसर में उक्त बैनर प्रदर्शित किया गया

अतिरिक्त राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी, हिमाचल प्रदेश के नेतृत्व में एनआईसी हिमाचल प्रदेश के कर्मचारियों ने हिंदी और अंग्रेजी में "सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा" ली, जिसे 27 अक्टूबर, 2025 को सुबह 11:00 बजे वीसी द्वारा महानिदेशक, एनआईसी द्वारा दिलाई गई। एनआईसी एचपी के अधिकारियों ने प्रस्तुतियों में भाग लिया एवं वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एनआईसी मुख्यालय द्वारा आयोजित वक्ताओं को सुना।




एनआईसी एचपी के समस्त अधिकारीगण “सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा” लेते हुए